एक वीडियो में पूरी जिंदगी की कहानी

शिखर धवन और उनकी पत्नी के बीच ऐसा क्या हुआ कि नौबत तलाक तक आ गई ये तो किसी को नहीं पता, लेकिन भारतीय ओपनर आयशा से बेइंतहा मोहब्बत करते थे। मशहूर एंकर शिबानी दांडेकर ने एक यूट्यूब चैनल के लिए आयशा का खास इंटरव्यू लिया था। तीन साल पहले लंदन की गलियों में शूट हुए इस वीडियो में आयशा अपनी पर्सनल लाइफ, तलाक, शिखर धवन से दोस्ती फिर प्यार। टैटू, फिटनेस का शौक। बेटे जोरावर से जन्म की कई कहानियां मजे से सुना रही है।

आयशा के साथ बुढ़ापा गुजारना चाहते थे धवन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। पहली बार तो शायद ही किसी ने विश्वास किया होगा कि शिखर धवन और आयशा मुखर्जी के तलाक की खबर सच्ची है। बीते लंबे समय से दोनों के बीच खटपट की खबरें समय–समय पर आती रहती थी। मगर हर बार सिर्फ अफवाह ही करार होती थी। मगर इस बार आयशा ने इंस्टाग्राम पर खुद को दोबारा डायवॉर्सी बताकर इस खबर पर मुहर लगा दी। कपल गोल सेट करने वाले शिखर–आयशा साथ में बेहद खूबसूरत लगते थे। दोनों के बीच अलग ही बॉन्डिंग थी। पति भारत में रहता तो पत्नी ऑस्ट्रेलिया में। पत्नी न सिर्फ उम्र में बड़ी थी बल्कि तलाकशुदा और दो बच्चों की मां भी। पहली मुलाकात भी सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर हुई। शादी के लिए धवन के घरवाले तो शुरू में राजी ही नहीं थे। बाद में मान गए और 2009 में सगाई के बाद साल 2012 में सिख रीति–रिवाज से दोनों की शादी करवाई। इस खास इंटरव्यू में आयशा ने जोरावर के पैदा होने के दौरान की एक दिलचस्प कहानी भी सुनाई। बकौल आयशा, लेबर पेन के दौरान मैं भारत का मैच देख रही थी।

ओवल में कमाल का खेल का बुमराह को फायदा

क्रिकेट

गेंदबाजों की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नौंवे स्थान पर पहुंच गए बुमराह

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दुबई। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में अपने मैच जीतने वाले स्पैल के बाद एक पायदान के फायदे से गेंदबाजों की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नौंवे स्थान पर पहुंच गए।

बुमराह ने अपने रिवर्स स्विंग के शानदार स्पैल से ओली पोप और जॉनी बेयरस्टो को बोल्ड कर मैच भारत के पक्ष में कर दिया था जिससे टीम को पांच मैचों की सीरीज में 2–1 से बढ़त बनाने में मदद मिली। सीरीज का अंतिम मैच शुक्रवार से मैनचेस्टर में शुरू होगा। बल्लेबाजों में शार्दुल ठाकुर (तिकनस जेंनत) दो अर्धशतकों की सहायता से 59 पायदान की छलांग से 79वें स्थान पर पहुंच गए। ठाकुर मैच में चार विकेट की बदौलत गेंदबाजों की सूची में भी सात पायदान के फायदे से 49वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे।

बल्लेबाजों की रैंकिंग के शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है जिसमें इंग्लैंड के कप्तान जो रूट पहले स्थान पर बरकरार हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली क्रमशरू पांचवें और छठे स्थान पर हैं। सलामी बल्लेबाज रोहित ने दूसरी पारी में 127 रन की मैच विजयी पारी खेली थी जिससे अब उनके और कोहली के बीच रेटिंग अंक का अंतर सात से बढ़कर 30 हो गया है। वहीं, कगिसो रबादा (10वें) दो पायदान नीचे चले गए हैं। आलराउंडर्स की बात करें तो वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में किसी ने भी प्रभावित नहीं किया है और इसी वजह से कोई भी पायदान ऊपर नीचे नहीं हुआ है। हालांकि, इस समय इंटरनेशनल वनडे क्रिकेट भी कम खेली जा रही है। भारतीय आलराउंडर शार्दुल ठाकुर की बात करें तो वे गेंदबाजी में 56वें से 49वें स्थान पर पहुंचे हैं, जबकि आलराउंडर्स की रैंकिंग में उनकी एंट्री टाप 20 में हो गई है।

अश्विन ऑल राउंडर सूची में एक पायदान के नुकसान से पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि रविंद्र जडेजा तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर हैं।

हम जिन्हें हराते आए हैं, उनके सामने अब संघर्ष कर रहे हैं: माइकल वान

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। लंदन के केनिंग्टन ओवल में चौथे टेस्ट में भारत के खिलाफ इंग्लैंड की 151 रन की हार के बाद पूर्व कप्तान माइकल वान अपने देश की टीम पर भड़के हैं। इतना ही नहीं, माइकल वान ने इंग्लैंड की मौजूदा टीम के भीतर की खामियों को भी उजागर किया है। माइकल वान ने कहा है कि हम सालों तक अपनी परिस्थितियों में भारत और आस्ट्रेलिया को हराते रहे हैं, लेकिन अब हम खुद संघर्ष कर रहे हैं।

डेली टेलीग्राफ के लिए लिख कालम में क्रिकेटर से कमेंटेटर बने माइकल वान ने कहा कि इंग्लैंड को और अधिक चरित्र दिखाने की जरूरत है और इस

इंग्लैंड की मौजूदा टीम के भीतर की खामियों को किया उजागर

दबाव में होने पर उन्हें इससे उबरने की जरूरत है। उनका कहना है, सालों तक हमने आस्ट्रेलिया और भारत को अपनी परिस्थितियों में हराया है, लेकिन अब हम संघर्ष कर रहे हैं। इंग्लैंड को इस बात पर काम करना होगा कि दबाव होने पर और अधिक कठोर कैसे बनें।

रूट एंड कंपनी यानी इंग्लैंड की टीम लार्ड्स में 157 रनों से हार गई, लेकिन तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने भारत को पारी और रनों के अंतर से हराया था। यहां तक कि चौथे टेस्ट मैच में भारत को 200 से पहले ढेर कर दिया था, लेकिन दूसरी पारी में भारत ने 450 से ज्यादा का स्कोर बनाया, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 210 रन पर ढेर हो गई। ऐसे में वान ने इंग्लैंड की बल्लेबाजी इकाई की भी आलोचना की है।

उन्होंने कहा है, सपाट परिस्थितियों में चीजों को करने के लिए उनमें गति और भिन्नता की कमी दिखी। यह टेस्ट टीम उनकी मदद करने वाली पिच पर निर्भर है। इंग्लैंड सपाट होने पर पर्याप्त रन नहीं बनाता है और एकाग्रता में चूक के माध्यम से खराब स्ट्रोक खेलता है। उन्होंने जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी की सराहना की और कहा, ष्भारत को श्रेय जाना चाहिए, उन्होंने रिवर्स स्विंग प्राप्त की। मुझे लगा कि बुमराह का स्पेल ही खेल का असली टर्निंग प्वाइंट है। अपनी ओर से, हमें अन्य क्षेत्रों को देखना होगा, जहां हमने मौके गंवाए।

क्या जगह बना पाएंगे अश्विन? लक्ष्मण शिवरामाकृष्णन ने दिया जवाब

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। पूर्व भारतीय लेग स्पिनर लक्ष्मण शिवरामाकृष्णन का मानना है कि रविचंद्रन अश्विन को भारत की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने हाल ही में भारतीय टीम के लिए तीन स्पिनर्स का स्थान पक्का माना था और साथ ही दो ऑल–राउंडर्स के बीच मुकाबला बताया था। अश्विन को लेकर हालांकि उनका मानना था कि वह अब टेस्ट विशेषज्ञ बन गए हैं और ऐसे में उनके चुने जाने की कोई संभावना नहीं है।
चेतन शर्मा की अगुआई वाली चयनकर्ता समिति टी20 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम और 5 स्टैंडबाई खिलाड़ियों का चयन करेगी। लेकिन मिडल ऑर्डर और स्पिन बोलिंग विभाग में खिलाड़ियों का चयन भारतीय सिलेक्टर्स को थोड़ी चिंता दे सकता है। शिवरामाकृष्णन का मानना है कि रविंद्र जडेजा और लेग स्पिनर्स की जोड़ी युजवेंद्र चहल व राहुल चाहर टीम में शामिल होंगे। अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के साथ की मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती जगह नहीं बना पाएंगे।

न्यूज डायरी

विराट कोहली ने भारतीय टीम को शानदार तरीके से मैनेज किया

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथा टेस्ट मैच जीतने के बाद भारतीय कप्तान विराट कोहली की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा है कि कप्तान विराट कोहली ने टीम को शानदार तरीके से मैनेज किया। इंजमाम ने साथ ही यह भी कहा कि जिस तरह टीम इंडिया ने चौथे टेस्ट की पहली पारी में 191 रन पर आलआउट होने के बाद वापसी की उसके बाद उसे इस जीत का श्रेय दिया जाना चाहिए।
इंजमाम उल हक ने अपने यूट्यूब चौनल पर बात करते हुए कहा, जिस तरह से भारतीय टीम खेली है, विशेषकर विदेश में, उन्हें श्रेय दिय जाना चाहिए। भारतीय टीम पहली पारी में 191 रन पर आलआउट हुई और जिस तरह उसने अगले चार दिन खेला उसके लिए टीम को श्रेय जाता है।ष भारत ने दूसरा टेस्ट मैच जीता था और तीसरा टेस्ट मैच गंवा दिया था, जिसमें टीम 100 रन से पहले ढेर हो गई थी। यहां तक कि चौथे मैच की पहली पारी भी अच्छी नहीं रही।

बर्थडे पर ट्रोल हो गए शुभमन गिल, युवराज सिंह ने उड़ाया मजाक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। टीम इंडिया के अगले सुपरस्टार माने जाने वाले शुभमन गिल का आज 22वां जन्मदिन है। बर्थडे के मौके पर इस दाएं हाथ के बल्लेबाज को दुनियाभर से शुभकामनाएं मिल रहीं हैं। सोशल मीडिया पर फैंस अपने–अपने तरीके से इस उभरते क्रिकेटर को विश कर रहे हैं। इस बीच सिक्सर किंग युवराज सिंह ने भी मजेदार अंदाज में शुभमन को हैप्पी बर्थडे कहा। इंस्टाग्राम पर शुभमन ने दो तस्वीरें शेयर कीं। जिसका कैप्शन कुछ ऐसा था, शुभी मैंने सच में तुम्हारे साथ शूटिंग को खूब एन्जॉय किया। लेकिन उसी वक्त मुझे यह एहसास हुआ कि ये तुम तो नहीं। ये तो तुम्हारा बॉडी डबल (हूबहू दिखने वाला शख्स) है। बालों का कलर बहुत अच्छा है ब्रो। बहुत सारा प्यार और शुभकामनाएं। दरअसल, युवी ने शुभमन के नए लुक के मजे लिए हैं, जिसमें उन्होंने अपने बालों का अजीबोगरीब रंग में रंगा हुआ है।

किसी भी परिस्थिति में बल्लेबाजी कर सकता हूं: क्रुणाल पांड्या

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। कयास लगाए जा रहे हैं कि कौन–कौन सा खिलाड़ी टी20 विश्व कप के लिए फाइनल फिफ्टीन में शामिल हो सकता है। ऐसा ही एक खिलाड़ी है, जिसको लेकर कुछ दिग्गजों का कहना है कि उसे टीम में जगह मिल सकती है, जबकि कुछ क्रिकेट पंडित उनको टीम में शामिल नहीं कर रहे हैं। ये खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि क्रुणाल पांड्या है, जिन्होंने खुद को लेकर एक बड़ा दावा किया है। टी20 विश्व कप के लिए टीम चुने जाने से पहले आलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने क्रिकइंफो को दिए गए इंटरव्यू में कहा है कि वे एक प्रोपर आलराउंडर हैं, जो कि पूरी तरह से बल्लेबाजी भी कर सकते हैं और गेंदबाजी भी। उनका मानना है कि वे वन डाइमेंशनल प्लेयर नहीं बनना चाहते। इसलिए अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी स्किल्स पर काम करते हैं। क्रुणाल पांड्या को आखिरी बार श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया का हिस्सा बनते देखा गया था।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए गावस्कर ने चुनी पसंदीदा भारतीय टीम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) नई दिल्ली। टी20 विश्व कप का 2021 संस्करण इस साल अक्टूबर और नवंबर के महीनों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ओमान में खेला जाएगा। एक बार फिर से प्रतिष्ठित ट्राफी पर कब्जा करने की होड़ लगेगी। सुनील गावस्कर ने इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के लिए अपनी भारतीय टीम चुनी है। उन्होंने कहा रोहित शर्मा और विराट कोहली बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे। सूर्यकुमार यादव जहां गावस्कर के अनुसार नंबर 3 स्थान पर काबिज होंगे, वहीं पांड्या बंधु, हार्दिक और कुणाल मध्य क्रम पर कब्जा करेंगे। गावस्कर ने यह भी बताया है कि क्रुणाल पांड्या को भारतीय टीम में क्यों शामिल होना चाहिए।